हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 17 अक्टूबर 2026

06 गरबा की मनमोहक प्रस्तुतियों से गूंज उठा परिसर...



09 मां की आराधना में डूबा शहर, गरबे की प्रस्तुति मोह रही लोगों का मन



समाचार संक्षेप

नवरात्रि की धूम, माता की झांकियों में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़



गुना। इन दिनों शारदेय नवरात्र के पावन पर्व पर जगह जगह लगी माता की झांकी देखने भक्तों की भीड़ दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। सुबह शाम माता की पूजा व आरती हो रही है। कस्बे में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गली मोहल्ले में माता रानी की झांकी लगाई है। इस वर्ष भी श्री ग्वाल युवा नवदुर्गा झांकी समिति घोसी मोहल्लाश्री शिव शक्ति झांकी समिति , गणेश छतरी नवदुर्गा झांकी समिति, दुर्गेश नंदिनी झांकी समिति बड़े जैन मंदिर के पास, अखंड ग्रुप नवदुर्गा झांकी समिति ग्रामीण बैंक के पास, मां बीस भुजा नवदुर्गा झांकी समिति, मिडिल स्कूल के पास साहू मंदिर के सामने, माना कॉलोनी इत्यादि जगहों पर माता रानी की झांकी लगाई है एवं छोटी छोटी बालिकाओं द्वारा गरबा नृत्य किया जा रहा है। माता का प्रतिदिन श्रृंगार किया जा रहा है एवं माता के जयकारे गूंज रहे हैं, तो वही प्रतिदिन इस वर्ष बजरगंढ, में प्रेम गार्डन में हो रही रामलीला देखने भक्तों की भीड़ उमड़ रही है और सुबह होते ही भक्तों की भीड़ मां बीसभुजा देवी मंदिर पर उमड़ पड़ती है।

19 अक्टूबर को मनाया जाएगा मोक्ष कल्याणक महोत्सव

गुना। शहर की न्यू सिटी कॉलोनी पार्ट-2 स्थित शीतलनाथ जिनालय में सोमवार, 19 अक्टूबर को भगवान के मोक्ष कल्याणक दिवस के अवसर पर भव्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिनालय का पंचकल्याणक समारोह जून 2026 में निर्यापक मुनि पुंगव 108 सुधासागर महाराज के ससंघ सानिध्य में संपन्न हुआ था। पंचकल्याणक के बाद यह पहला अवसर है, जब भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया जाएगा। आश्विन शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि पर आयोजित इस महोत्सव में स्वर्ण कलशों से भगवान का महामस्तकाभिषेक किया जाएगा तथा निर्वाण लाडू अर्पित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान संगीतमय पूजन, रात्रि आरती सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। कार्यक्रम के निर्देशक एवं संचालक संजय शास्त्री तथा अहमदाबाद के पं. जितेंद्र जैन शास्त्री रहेंगे। आयोजन के अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था भी की गई है।

साइबर फ्रॉड के प्रति जागरूकता के लिए किया नुक्कड़ नाटक

गुना। ओमकार कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज के विधि विभाग (लॉ कॉलेज) द्वारा बजरंगगढ़ के नयागांव में 16 अक्टूबर 2026 को साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता के लिए एक प्रभावशाली विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विधि विद्यार्थियों ने रैली निकालकर 'एक गलती, खाता खाली' शीर्षक से नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। नाटक के माध्यम से बैंक केवाईसी अपडेट, ओटीपी साझा करने से होने वाली ठगी और साइबर ठगी का शिकार होने पर पुलिस व बैंक से मिलने वाली मदद को तीन अलग-अलग परिस्थितियों में जीवंत रूप से दर्शाया गया। विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को सचेत किया कि किसी भी अनजान व्यक्ति से ओटीपी, एटीएम पिन या सीवीवी साझा न करें। ठगी होने पर तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या आधिकारिक पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। यह पूरा आयोजन विभागाध्यक्ष डॉ. शुभांक तिवारी, डॉ. विनोद भटनागर और सभी सहप्राध्यापकों के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. सुरभि तिवारी और दीपक शर्मा ने किया।

गरबा महोत्सव: नियमों की अनदेखी! देर रात 12:35 बजे तक बजता रहा डीजे

प्रताप छात्रावास में फिल्मी और भोजपुरी गानों पर गरबा के नाम पर डांस

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



महानगरों की तर्ज पर अब गुना शहर में भी नवरात्रि के पावन पर्व पर आयोजित होने वाले गरबा कार्यक्रमों का स्वरूप तेजी से बदलता जा रहा है। आस्था और परंपरा के केंद्र माने जाने वाले इन आयोजनों में अब धार्मिक गरिमा को ताक पर रखकर फूहड़ता और डिस्को संस्कृति हावी होती जा रही है। ताजा मामला शहर के प्रताप छात्रावास प्रांगण में आयोजित गरबा महोत्सव 0.3 का है, जहां डीजे की कर्णप्रिय धुनों के बजाय फिल्मी और फूहड़ गानों पर जमकर हुड़दंग मचाया गया और पुलिस के तमाम दावों की धज्जियां उड़ाई गईं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गत रात्रि प्रताप छात्रावास प्रांगण में चल रहे गरबा आयोजन के दौरान पारंपरिक गीतों और गरबा की मूल शैली को पूरी तरह दरकिनार कर दिया गया। कार्यक्रम में मैं निकला गड्डी लेकर और खलीबली हो गया है दिल जैसे कई लोकप्रिय फिल्मी एवं द्विअर्थी भोजपुरी गानों की तेज गूंज पर युवक-युवतियां डिस्को की तर्ज पर थिरकते नजर आए। निर्धारित समयसीमा और ध्वनि विस्तारक यंत्रों के नियमों को ठेंगा दिखाते हुए रात के 12:35 बजे तक तेज आवाज में डीजे का शोरगुल धड़ल्ले से जारी रहा। इस शोर-शराबे और हुड़दंग के कारण आसपास के रहवासियों की नींद उड़ गई और उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। स्थानीय नागरिकों ने जब व्यवस्था से त्रस्त होकर पुलिस को इसकी शिकायत की, तो मौके पर पहुंचे बीट प्रभारी की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए। आरोप है कि बीट प्रभारी ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों को डीजे बंद कराने का आश्वासन तो दे दिया, लेकिन उनके जाने के बाद भी देर रात तक फिल्मी गानों पर डीजे का शोर बदस्तूर गूंजता रहा। इधर कार्यक्रमों आयोजकों ने पहले तो कार्यक्रम में फिल्मी गाने नहीं बजाने की बात कही। जब प्रमाण दिए गए तो बोले कि डीजे संचालक ने अपनी मर्जी से बजा दिए थे। जिसे हमने बाद में बंद करा दिए थे। बहरहाल त्योहार के नाम पर हो रहे इन आयोजनों में सनातन संस्कृति की मर्यादाओं के हनन और प्रशासनिक सुस्ती को लेकर शहर के प्रबुद्ध नागरिकों और धर्मप्रेमियों में गहरा रोष व्याप्त है। लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन ने समय रहते इस प्रकार की मनमानी और नियमों की अनदेखी करने वाले आयोजकों पर सख्त कार्रवाई नहीं की, तो धार्मिक पर्वों का मूल स्वरूप पूरी तरह नष्ट हो जाएगा।

नपा टीम ने 3 क्विंटल से अधिक प्रतिबंधित पॉलिथीन की जब्त लगाया 5 हजार का जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता के निर्देश और सीएमओ शैलेश अवस्थी के मार्गदर्शन में नगर पालिका की टीम ने पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के तहत बड़ी कार्रवाई की है।

स्वच्छता निरीक्षक विवेक श्रीवास्तव और उनकी टीम ने शांति पब्लिक स्कूल रोड स्थित मंत्री कोठी के पास छापा मारकर शिखरचंद जैन की जगदीश कॉलोनी स्थित गोदाम से भारी मात्रा में प्रतिबंधित अमानक पॉलीथीन बरामद की है। कार्रवाई के दौरान गोदाम से लगभग 03 क्विंटल 15 किलो अवैध पॉलिथीन जब्त की गई, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत करीब 55,000 रुपये आंकी गई है। प्रतिबंधित पॉलिथीन का अवैध भंडारण और विक्रय करने पर दुकानदार पर 5,000 रुपये का अर्थदंड भी अधिरोपित किया गया है। इस पूरी कार्रवाई में सफाई दरोगा महाराज सिंह जाटव, शोभित जादौन और वीरू खटीक की भूमिका सराहनीय रही।

नानाखेड़ी क्षेत्र की कॉलोनी के मुख्य मार्ग पर भरा गंदा पानी

रॉयल सिटी कॉलोनी में गंदे पानी का सैलाब, रहवासियों ने किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



जिला मुख्यालय पर लंबे समय से बारिश नहीं होने के बावजूद नानाखेड़ी क्षेत्र की रॉयल सिटी कॉलोनी में गंदे पानी की समस्या ने विकराल रूप ले लिया है। कॉलोनी के मुख्य मार्ग पर नदी की तरह गंदा पानी बहने से रहवासियों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गुरुवार सुबह परेशान रहवासियों ने घरों से बाहर निकलकर नारेबाजी की और अपनी नाराजगी जाहिर की। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और समस्या से संबंधित जानकारी लेकर इसे प्रशासन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

नहर का पानी रास्ता बदलकर कॉलोनी में घुसा

मामला नानाखेड़ी क्षेत्र की चर्चित भगत सिंह कॉलोनी के पीछे स्थित रॉयल सिटी कॉलोनी का है। रहवासियों के अनुसार, कॉलोनी के मुख्य मार्ग पर अब तक पक्का निर्माण और जरूरी विकास कार्य नहीं हो पाए हैं। यहां का प्रमुख रास्ता आज भी मुरमयुक्त कच्चा है। कॉलोनी के पीछे से गोपालपुरा तालाब की ओर से जुड़ा पुराना जल प्रवाह मार्ग भी गुजरता है।

गुरुवार सुबह जब रहवासी घरों से निकले, तो मुख्य रास्ते पर बड़ी मात्रा में गंदा पानी बहता देखकर हैरान रह गए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, अज्ञात लोगों द्वारा पीछे से गुजरने वाली नहर के पानी का रास्ता रोककर एक स्थान पर तोड़ दिए जाने से पानी का बहाव दूसरी दिशा में मुड़ गया। इसके चलते पानी अपने निर्धारित रास्ते से आगे जाने के बजाय कॉलोनी के मुख्य मार्ग और उससे जुड़े अन्य रास्तों पर फैल गया। सड़कों पर पानी भरने के कारण कॉलोनी के निवासियों के साथ ही वहां से गुजरने वाले अन्य लोगों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। स्थिति ऐसी बन गई कि लोगों के लिए सामान्य रास्ते से निकलना मुश्किल हो गया और उन्हें गंदे पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ रहा है।

लगातार बनी इस स्थिति से नाराज रहवासियों ने गुरुवार सुबह एकत्रित होकर नारेबाजी की और समस्या के समाधान की मांग उठाई। उनका कहना है कि कॉलोनी के रास्तों की बदहाली के बीच गंदे पानी का भराव उनकी मुश्किलें और बढ़ा रहा है। रहवासियों के विरोध और समस्या की सूचना मिलने पर पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मियों ने लोगों से चर्चा कर स्थिति की जानकारी ली और समस्या को प्रशासन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। दोपहर में अन्य लोग भी मौके पर पहुंचे और जलभराव की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने रहवासियों की परेशानी को समझते हुए मामले को उच्च स्तर तक पहुंचाने के प्रयास किए।

मरम्मत के बाद भी राहत मिलने में लगेगा समय

बताया जा रहा है कि पानी के बहाव को बाधित करने वाले स्थान पर मरम्मत कराए जाने के बाद भी कॉलोनी के रास्तों पर जमा पानी तत्काल निकलना संभव नहीं है। बड़ी मात्रा में पानी एकत्रित होने के कारण उसके बहाव और सूखने में समय लग सकता है। ऐसे में फिलहाल रहवासियों को परेशानी से पूरी तरह राहत मिलने का इंतजार है।

बिजली कटौती: शहर और कैंट जोन में 4 से 5 घंटे बंद रहेगी सप्लाई

शहर जोन में सुबह 11 से शाम 4 बजे तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा 17 अक्टूबर 2026 को गुना शहर और कैंट जोन के विभिन्न क्षेत्रों में बिजली कटौती की जाएगी। 220 केवी उपकेंद्र गुना पर स्थापित 33 केवी मेन बस के कंडक्टर एवं डिस्क इंसुलेटर बदलने के कार्य के चलते यह शटडाउन लिया जा रहा है। इसके कारण शहर जोन के अंतर्गत आने वाले 33 केवी और 11 केवी फीडरों से जुड़े क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। सहायक प्रबंधक, शहर जोन, मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के अनुसार, 17 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक बिजली सप्लाई बंद रहेगी। इस दौरान 33 केवी गुना, कुशमौदा, रुचिसोया, एआईआर, नवोदय और भदौरा फीडरों से जुड़े क्षेत्रों में विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा। इन फीडरों से जुड़े 33 केवी उच्चदाब कनेक्शनों पर भी बिजली आपूर्ति प्रभावित होगी।

प्रमुख प्रभावित क्षेत्र

कॉलोनियां एवं आवासीय क्षेत्रः भार्गव कॉलोनी, मटकरी कॉलोनी, गुरुनानक कॉलोनी, वर्धमान भवन, राधा कॉलोनी, छावड़ा कॉलोनी, आशीर्वाद रोड, लक्ष्मीगंज, सोनी कॉलोनी, दुबे कॉलोनी, चौधरन कॉलोनी, धाकड़ कॉलोनी, विद्यार्थी नगर, विंध्याचल कॉलोनी, राज कॉलोनी, आदर्श नगर, रामकृष्ण कॉलोनी, साई सिटी कॉलोनी, श्रीराम कॉलोनी, रसीद कॉलोनी, संस्कार सिटी, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, साईधाम पार्ट-2, गुर्जर कॉलोनी, पत्रकार कॉलोनी, फुलवारी कॉलोनी, बलवंत नगर, विकास नगर, शुक्ला कॉलोनी, खेड़ापति कॉलोनी, एवन कॉलोनी, गुप्ता कॉलोनी, महावीरपुरा, कस्तूरबा नगर और पोरवाल कॉलोनी।

प्रमुख बाजार एवं मार्गः कमला गैराज, हाट रोड, हनुमान चौराहा, पुरानी गल्ला मंडी, नई सड़क, अस्पताल चौराहा, बैजू चौराहा, जयस्तंभ चौराहा, बीजी रोड, मालपुर रोड, बजरंगगढ़ बायपास रोड और रेलवे फाटक तक का क्षेत्र। अन्य प्रभावित क्षेत्रः उमरिया गांव, शांति ढाबा, तलैया मोहल्ला, हरिओम किराना पुरानी छावनी, विध्यांचल क्षेत्र, भुल्लनपुरा, बांसखेड़ी, चिंताहरण, आकाशवाणी केंद्र, पुराना औद्योगिक क्षेत्र, ट्रांसपोर्ट नगर, गोकुल सिंह का चक, नई बस्ती कुशमौदा, कुशमौदा गांव, सिद्धिविनायक अस्पताल, गांधीनगर, नया औद्योगिक क्षेत्र, सकतपुर रोड, हरिपुर रोड, सरस्वती बिहार कॉलोनी, बूढ़े बालाजी, पवन कॉलोनी, मरघटशाला, हनुमान टेकरी, शिवपुरम कॉलोनी और न्यू टेकरी रोड सहित आसपास के क्षेत्र। प्रबंधक, कैंट जोन, मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के अनुसार, 17 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक कैंट जोन के विभिन्न क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

दबंगाई दिखाकर अवैध वसूली करने वाला कुख्यात बदमाश कश्मीरा जाट को पुलिस ने दबोचा, भेजा जेल

गुना। कैंट थाना पुलिस ने दबंगई दिखाकर अवैध रूप से रुपये मांगने और मारपीट करने के मामले में मुख्य आरोपी कश्मीर सिंह उर्फ कश्मीरा जाट को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी के खिलाफ हत्या, हत्या का प्रयास, बलात्कार, लूट सहित विभिन्न गंभीर अपराधों में 37 आपराधिक और 9 प्रतिबंधात्मक प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार, ग्राम सिंगवास निवासी अर्जुन प्रजापति ने शिकायत दर्ज कराई थी कि कश्मीरा जाट अपने दो-तीन साथियों के साथ उसके घर पहुंचा और रुपयों की मांग की। मना करने पर आरोपियों ने फरियादी के साथ गाली-गलौज और मारपीट की। बीच-बचाव करने आई परिवार की महिलाओं से भी अभद्रता की गई तथा जाते समय जान से मारने की धमकी दी गई।

शिकायत पर कैंट थाने में अपराध क्रमांक 942/26 के तहत बीएनएस की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की। मुखबिर की सूचना पर मुख्य आरोपी कश्मीर सिंह उर्फ कश्मीरा जाट, निवासी ग्राम रिछैरा, को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। मामले में फरार अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

कड़ाईखेड़ा में नरवाई जलाने पर कृषक पर 5,000 का अर्थदंड अधिरोपित

गुना। कलेक्टर किशोर कन्याल के निर्देशन में एसडीएम राघौगढ़ अमित सोनी द्वारा नरवाई जलाने की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से प्रतिबंधात्मक आदेशों का उल्लंघन करने वाले कृषक पर अर्थदंड अधिरोपित किया गया है। प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार, ग्राम कड़ईखेड़ा, तहसील मधुसूदनगढ़ के कृषक सुरेश कुमार, पिता हेमराज द्वारा सर्वे क्रमांक 53/1 की भूमि में नरवाई जलाए जाने की घटना के संबंध में 5,000 का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है। संबंधित तहसीलदार, राघौगढ़/मधुसूदनगढ़ को निर्देशित किया गया कि अधिरोपित अर्थदंड की राशि नियमानुसार वसूल कर शासकीय कोष में जमा कराएं तथा चालान की प्रति प्रकरण में संलग्न करें। प्रशासन द्वारा किसानों से अपील की गई है कि फसल अवशेषों को खेतों में न जलाएं तथा पर्यावरण संरक्षण एवं भूमि की उर्वरता बनाए रखने में सहयोग करें।

एसआईआर-ईवीएम के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

ज्ञानेश कुमार को हटाने और बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

एसआईआर और ईवीएम से मतदान के विरोध में कांग्रेस ने कड़ा रुख अपनाते हुए बड़ा प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष जयवर्धन सिंह के मार्गदर्शन में प्रदर्शन के दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष रजनीश शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सबसे पहले संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके बाद राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को एक ज्ञापन भी सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने के दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष रजनीश शर्मा ने हुंकार भरते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र की रक्षा और नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों को बचाने के लिए पूरी क्षमता के साथ मैदान में डटी हुई है। उन्होंने मांग की कि एसआईआर प्रक्रिया के तहत जिन कथित 13 करोड़ लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं, यदि वे वास्तव में अपात्र हैं तो उनकी पारदर्शी सूची सार्वजनिक की जाए। वहीं, जो नागरिक पात्र हैं, उन्हें बिना किसी देरी के तत्काल मतदाता सूची में पुनः जोड़ा जाए। इसके साथ ही कांग्रेस ने चुनाव प्रणाली में ईवीएम का इस्तेमाल बंद कर बैलेट पेपर से वोटिंग कराने की भी पुरजोर मांग उठाई। राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन में कांग्रेस ने निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया पर सवाल खड़े करते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को तत्काल पद से हटाने तथा उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू करने की सख्त मांग की है।इसके अलावा, गुना जिले की स्थानीय मतदाता सूची में विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान बरती गई अनियमितताओं और विवादास्पद प्रक्रियाओं को लेकर कांग्रेस ने जमकर निशाना साधा। पार्टी ने आरोप लगाया कि जिले में फार्म-7 का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग कर पात्र मतदाताओं के नाम कटवाने की साजिश रची गई है।

नवकला मंडल रामलीला : भाजपा जिला अध्यक्ष सहित अतिथियों ने की श्रीराम की आरती

शूर्पणखा की नाक काटने, खर-दूषण वध का मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



सार्वजनिक नव कला मंडल एवं श्री रामलीला दशहरा महोत्सव समिति द्वारा आयोजित रामलीला में गुरुवार, 15 अक्टूबर 2026 को शूर्पणखा की नाक काटने, खर-दूषण वध और माता सीता के हरण की लीलाओं का भावपूर्ण मंचन किया गया। कलाकारों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

शूर्पणखा प्रसंग से सीता हरण का मंचन

रामलीला में शूर्पणखा द्वारा भगवान श्रीराम एवं लक्ष्मण के समक्ष विवाह प्रस्ताव रखने, लक्ष्मण द्वारा उसकी नाक काटने और इसके बाद खर-दूषण के वध का प्रसंग प्रस्तुत किया गया। खर-दूषण के वध से क्रोधित रावण मारीच की सहायता से माता सीता के हरण की योजना बनाता है। स्वर्ण मृग का प्रसंग, भगवान श्रीराम का उसके पीछे जाना, लक्ष्मण का कुटिया से दूर जाना और साधु के वेश में रावण द्वारा माता सीता का हरण करने के दृश्यों का सजीव मंचन किया गया।

इन प्रसंगों के माध्यम से कलाकारों ने धर्म, मर्यादा और भक्ति के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार, महामंत्री टिल्लू रघुवंशी, मोहित नामदेव, जिला मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव एवं श्रीमती कल्पना श्रीवास्तव अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने भगवान श्रीराम दरबार की आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के जयघोष से भक्तिमय बना दिया।

कार्यक्रम के अंत में सार्वजनिक नव कला मंडल के महामंत्री अमित भार्गव ने अतिथियों, समिति पदाधिकारियों, कलाकारों और उपस्थित श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि रामलीला भारतीय संस्कृति, धार्मिक आस्था और आदर्श जीवन मूल्यों का प्रतीक है। भगवान श्रीराम के आदर्श समाज को सत्य, धर्म, मर्यादा और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। समिति ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी लोगों का धन्यवाद किया।

समाचार संक्षेप

51 फीट के रावण सहित 45-45 फीट के कुम्भकर्ण और मेघनाथ के पुतलों का होगा दहन

कुम्भराज । असत्य पर सत्य और अनाचार पर सदाचार की विजय का प्रतीक विजय दशमी दशहरा पर नगर परिषद द्वारा दशहरा मैदान में 51 फुट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। इसी के साथ नगर के इतिहास में प्रथम बार कुम्भकर्ण और मेघनाथ के 45-45 फुट के पुतलों के दहन किया जाएगा। सीएमओ लीलाधर सेन ने बताया कि इस अवसर पर रंगारंग आतिशबाजी और विद्युत सज्जा की जावेगी, खारा कुआ निचले बाजार से श्री राम और रावण दरबार की झाँकिया श्री हनुमान अखाडा के साथ निकाली जावेगी जो नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई दशहरा मैदान पहुंचेगी जहाँ राम, रावण, हनुमान, सुग्रीव, अंगद, लक्ष्मण, विभीषण आदि के संबाद का मंचन रामलीला के कलाकार करेंगे, राम रावण युद्ध के दौरान भगवान श्री राम अग्निबान से रावण की नाभि के अमृत कुंड को भेदेंगे और रावण का दहन होगा।

कुम्भराज में जय मातादी सेवा समिति के जगराते में भजनों की धूम



कुम्भराज। शारदीय नवरात्रि के दौरान जगह जगह लगे झांकी पांडालों में प्रतिदिन नित नए कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं, जय मातादी सेवा समिति मंडी गेट पर बुधवार की रात माता का जगराता किया गया। इस अवसर पर सिंगर देवानंद राय, श्रेया श्रद्धा तिवारी (दोनों बहनें) ने माता के भजनों का समां बांधा जो देर रात तक चला इस दौरान एक से बढ़कर एक शानदार और जानदार प्रस्तुति दिन गई जिससे जनता मंत्रमुग्ध होकर जमकर थिरके, वही गुरुवार की रात्रि मे आयोजित संगीतमयी सुंदरकांड ने भी श्री हनुमान जी महाराज के चरित्र को साकार कर श्री राम के प्रति भक्ती, आस्था और श्रद्धां सैलाब उमड़ा, आयोजको ने बताया कि यह झांकी कई वर्षो से लगाई जा रही है जो अपने आप मे अनूठी परम्परा है ।

नवरात्रि के पावन पर्व पर मैरिज गार्डन आरोन में विमल गरबा महोत्सव का आयोजन



आरोन। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर मैरिज गार्डन में विमल गरबा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके बाद महिलाओं, युवतियों और बच्चों ने पारंपरिक वेशभूषा में गरबा एवं डांडिया की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। महोत्सव में देर रात तक भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा। आयोजन को सफल बनाने में पूजा चौहान, एडवोकेट नीलू राजावत एवं विमल गरबा समिति के सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक फोटो सेशन के बाद सभी प्रतिभागियों को प्रसाद वितरित किया गया। नगरवासियों ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे भारतीय संस्कृति और परंपराओं को बढ़ावा देने वाला बताया।

पुलिस की ओर से पुलिस लाइन में नवरात्रि गरबा महोत्सव का भव्य आयोजन

गरबा की मनमोहक प्रस्तुतियों से गूंज उठा परिसर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़



पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के दिशा-निर्देशन में गुना पुलिस द्वारा पुलिस कर्मचारियों एवं उनके परिवारों के कल्याण, मानसिक तनाव को कम करने तथा आपसी सौहार्द और सकारात्मक वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से निरंतर विभिन्न कल्याणकारी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है । इसी क्रम में नवरात्रि महोत्सव के अवसर पर गत संध्या में गुना पुलिस लाइन परिसर में भव्य एवं रंगारंग गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस, न्यायिक एवं प्रशासनिक क्षेत्र की महिला अधिकारियों सहित महिला पुलिसकर्मियों तथा पुलिस परिवार की महिलाओं और बच्चियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर नवरात्रि के उल्लास को यादगार बना दिया । कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक हितिका वासल द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया । मां दुर्गा की स्तुति के उपरांत गरबा महोत्सव की शुरुआत हुई । आकर्षक पारंपरिक वेशभूषा में सजी प्रतिभागियों ने धार्मिक भजनों की मधुर धुनों पर मनमोहक गरबा प्रस्तुतियां दीं । पूरे आयोजन के दौरान उत्साह, उमंग और भक्ति का वातावरण बना रहा । कार्यक्रम में एडीजे (पॉक्सो) सोनाली शर्मा, न्यायिक मजिस्ट्रेट वंदना त्रिपाठी, न्यायिक मजिस्ट्रेट ऋतुश्री गुप्ता, कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की धर्मपत्नी मधु कन्याल, एसडीएम शिवानी पाण्डे, एसडीएम आरोन मंजुषा खत्री, सीएसपी सैफा हाशमी, एसडीओपी राघौगढ़ दीपा डोडवे तथा रक्षित निरीक्षक पूजा उपाध्याय सहित अन्य महिला पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों एवं पुलिस परिवार की महिलाओं और बच्चियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया । गरबा महोत्सव के दौरान प्रतिभागियों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों और पारंपरिक वेशभूषा से सभी का मन मोह लिया । कार्यक्रम के समापन पर उत्कृष्ट गरबा प्रस्तुति, आकर्षक वेशभूषा एवं अन्य श्रेणियों में बेहतर प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया । गरबा प्रस्तुति में प्रथम स्थान रक्षित निरीक्षक पूजा उपाध्याय, द्वितीय स्थान महिला आरक्षक सरिता सिंह तथा तृतीय स्थान महिला आरक्षक निशा अहिरवार ने प्राप्त किया । वहीं, उत्कृष्ट वेशभूषा के लिए उपनिरीक्षक चंचल तिवारी एवं पुलिस परिवार की गृहणी हेमा धाकड़ को सम्मानित किया गया । बच्चियों की श्रेणी में उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए बंशिका रावत को पुरस्कृत किया गया । गुना पुलिस परिवार की ओर से आयोजित इस गरबा महोत्सव ने पुलिसकर्मियों के पारिवारिक जीवन में खुशियों और उत्साह के रंग भरने के साथ ही आपसी मेलजोल एवं सौहार्द को भी प्रोत्साहित किया । नियमित एवं चुनौतीपूर्ण पुलिस ड्यूटी के कारण उत्पन्न होने वाले तनाव को कम करने तथा पुलिस परिवार की महिलाओं और बच्चियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करने की दृष्टि से इस प्रकार के आयोजन महत्वपूर्ण हैं ।

मतदाता सूची पुनरीक्षण के विरोध में कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



चांचौड़ा। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण में कथित अनियमितताओं और प्रपत्र-6 व प्रपत्र-7 के दुरुपयोग के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त को पद से हटाने, उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने तथा मतदाता सूची की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। ज्ञापन सौंपने से पहले कांग्रेस ने बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा से अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय तक जन-पदयात्रा एवं बाइक रैली निकालकर विरोध जताया। ज्ञापन में पात्र मतदाताओं के काटे गए नाम दोबारा जोड़ने और पूर्व में दिए गए ज्ञापनों पर हुई कार्रवाई की जानकारी उपलब्ध कराने की मांग की गई।

अग्रवाल समाज ने किया खीर प्रसादी का वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज

नगर में नवरात्रि महोत्सव के अवसर पर भक्ति और आस्था का माहौल बना हुआ है। नगर के विभिन्न स्थानों पर आकर्षक झांकियां सजाई गई हैं, वहीं मंदिरों एवं आश्रमों में विशेष पूजा-अर्चना, जप और अनुष्ठानों का आयोजन किया जा रहा है। माता रानी की आराधना के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिरों में पहुंच रहे हैं। भक्त अपनी श्रद्धा के अनुसार पूजा-पाठ, दान-दक्षिणा एवं धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेकर सुख-समृद्धि और मनोकामनाओं की पूर्ति की कामना कर रहे हैं।इसी धार्मिक उत्साह और सेवा भावना के क्रम में अग्रवाल समाज, कुंभराज द्वारा राम जानकी मंदिर परिसर में खीर प्रसादी का वितरण किया गया। इस दौरान खारा कुआं स्थित झांकी में दर्शन करने के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं का आत्मीय स्वागत किया गया। समाजजनों ने श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित कर सभी का अभिवादन किया।नवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित इस सेवा कार्य के माध्यम से अग्रवाल समाज ने धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक समरसता, सेवा और सद्भाव का संदेश दिया।

दुर्गा पांडाल सजाने वाली समितियों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा

परम श्रद्धेय अशोक जी सिंघल की जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण और जनजागरण के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया गया। इसके तहत क्षेत्र के छह गांवों में जनसंपर्क कर नवरात्रि में दुर्गा पांडाल स्थापित करने वाली समितियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।अभियान के अंतर्गत ग्राम कुसुमपुरा, झुकरा, माजरा, विसातपुर, मोहम्मदपुर और झुकरी में पहुंचकर समितियों के प्रयासों की सराहना की गई। इस पहल का उद्देश्य धार्मिक परंपराओं को प्रोत्साहित करने के साथ समाज में सांस्कृतिक चेतना, एकता और समरसता की भावना को मजबूत करना है।

कार्यक्रम में विहिप के विभाग मंत्री दिलीप सिंह कुशवाह, जिला मंत्री श्रीराम सोनी, नगर उपाध्यक्ष सुखदीप, खंड संयोजक दीवान सिंह भील, विद्यार्थी प्रमुख गुरु मीना सहित गोपाल, गोलू, अंकित और आकाश उपस्थित रहे।

पारंपरिक वेशभूषा में छात्रों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां



हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा

शारदीय नवरात्रि के अवसर पर इंटरनेशनल कॉन्वेंट हाई स्कूल बीनागंज में डांडिया महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने पारंपरिक वेशभूषा में आकर्षक गरबा और डांडिया नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। रंग-बिरंगे परिधानों और संगीत की धुन से विद्यालय परिसर उत्सवमय हो उठा।कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, परंपराओं और त्योहारों के महत्व से परिचित कराना था। बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।प्राचार्य मनोज शिवहरे ने दिया संस्कृति और संस्कारों का संदेशविद्यालय के प्राचार्य मनोज शिवहरे ने कहा कि नवरात्रि का पर्व मां दुर्गा की आराधना के साथ नारी शक्ति, साहस और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश देता है। शिक्षा के साथ विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, परंपराओं और संस्कारों से जोड़ना भी आवश्यक है। ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और सामूहिक सहभागिता की भावना विकसित करते हैं।

केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने अशोकनगर के लव-कुश मंदिर में पूजा अर्चना की



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने चार दिवसीय अशोकनगर प्रवास के पहले दिन लव-कुश मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके उपरांत कुशवाहा समाज के साथ आत्मीय बैठक की। इस दौरान ज्योतिरादित्य सिंधिया ने समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं और उपस्थित साथियों से मुलाकात कर उनके विचारों, अपेक्षाओं तथा क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि कुशवाहा समाज के साथ उनका रिश्ता केवल सामाजिक नहीं, बल्कि आत्मीयता, विश्वास और अपनेपन का रिश्ता है। समाज के लोगों का स्नेह और बड़ों का आशीर्वाद उनके लिए सदैव अनमोल रहा है। उन्होंने कहा कि जब भी वे समाज के बीच आते हैं, तो परिवार के बीच होने जैसा अपनापन महसूस करते हैं।केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि कुशवाहा समाज का परिश्रम, सामाजिक चेतना और राष्ट्र निर्माण में योगदान सदैव प्रेरणादायी रहा है। समाज की समृद्ध परंपराएं, सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक एकजुटता हमारी साझा शक्ति हैं। भगवान श्री लव-कुश के आदर्श हमें कर्तव्य, साहस और संस्कारों के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। बैठक में उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के साथ स्नेह और विश्वास का यह बंधन निरंतर मजबूत होता रहेगा। आपसी सहयोग और सामूहिक प्रयासों से अशोकनगर की प्रगति को नई दिशा देने के साथ समाज की युवा पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा।

कृषि क्षेत्र में काम करने वाली महिलाओं को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

कृषि विज्ञान केंद्र अशोकनगर में शुक्रवार को महिला किसान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं के सशक्तिकरण में कृषि क्षेत्र में काम करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में जिला पंचायत स्थाई कृषि समिति की सभापति शीतल कलावत एवं रश्मि अग्रवाल अतिथि के रूप में उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में पशुपालन ,टेरेस गार्डन एवं पोषण वाटिका के क्षेत्र में कार्य करने वाली शारदा लोधी, रामेति रघुवंशी एवं विमलेश रघुवंशी जी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान रिसोर्स पर्सन शरद जैन,एटीएम चंद्रकांत तिवारी,कृषि विस्तार अधिकारी सोनम रघुवंशी स्वच्छता समन्वयक सतपाल जाट, गायत्री नामदेव एवं मोनिका नामदेव ने अपने विचार रखें एवं सभी भाग लेने वाली महिलाओं को सहजना के ओडिसी 3 कृष्ण के पौधे वितरित किए गए। केंद्र के प्रभारी डॉ बी एस गुप्ता ने प्राकृतिक खेती एवं समन्वित कृषि प्रणाली एवं कृषि आधारित आय मूलक गतिविधियां अपना कर कृषि के माध्यम से रोजगार स्थापित करने के संबंध में जानकारी दी एवं अतिथियों का स्वागत किया। हिसाब कर पर पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता का संकल्प भी लिया गया।

प्रधान डाकघर अशोकनगर के नवनिर्मित भवन का संचार मंत्री सिंधिया करेंगे लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

नवनिर्मित प्रधान डाकघर अशोकनगर का लोकार्पण संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा 17 अक्टूबर शनिवार को शाम 4 बजे किया जायेगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए अधीक्षक डाकघर गुना ओपी चतुर्वेदी ने बताया कि भारत सरकार के योजना,वास्तुकला से अभिकल्पित प्रधान डाकघर अशोकनगर में नवीन बिल्डिंग का लोकार्पण संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के द्वारा शनिवार को शाम 4 बजे किया जायेगा।

भारत सरकार की डाकघर आधुनिकीकरण की महत्वाकांक्षी पहल के अंतर्गत स्कूल ऑफ प्लानिंग एण्ड आर्किटेक्चर नई दिल्ली के डिजाइन संबंधी दिशा-निर्देशों के अनुरूप अशोकनगर प्रधान डाकघर के पुराने भवन के स्थान पर करीब 2 करोड़ 35 लाख की लागत से निर्मित किया गया है। अशोकनगर की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक पहचान को ध्यान में रखते हुये डाकघर भवन को आधुनिक आकर्षक एवं नागरिक केंद्रित स्वरूप प्रदान किया गया है। एसपीए के डिजाइन संबंधी दिशा निर्देशों के अनुरूप डाकघर भवन के बाहरी एवं आंतरिक स्वरूप को आधुनिक एवं आकर्षक बनाया गया है। प्रमुख रूप से जन सेवा कनेक्ट एक बहुउद्देशीय नागरिक सुविधा केंद्र के माध्यम से आम जनता को डाक विभाग की सेवाओं को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने की परिकल्पना है। यह युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं आम नागरिकों के लिये उपयोगी होगा।

अशोकनगर प्रधान डाकघर आधुनिकीकरण केवल भवन के नवनिर्माण एवं सौंदर्यीकरण तक सीमित नहीं है, बल्कि डाकघर को आधुनिक एवं नागरिक केंद्रित जनसेवा केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। आधुनिक सुविधाओं एवं बेहतर सेवा वातावरण के माध्यम से नागरिकों को स्पीड पोस्ट, बचत बैंक, डाक जीवन बीमा, आधार, पार्सल, पासपोर्ट तथा अन्य डाक एवं वित्तीय सेवायें अधिक सुविधाजनक ढंग से उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया है ।

केंद्रीय मंत्री की अध्यक्षता में जिले में हो रहे विकास कार्यों की समीक्षा की गई

विकास कार्यों को गति देने हर संभव प्रयास: सिंधिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिले के समग्र विकास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने तथा विकास कार्यों को गति देने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। जिले में विकास के नए आयाम स्थापित करने के उद्देश्य से विभिन्न योजनाओं एवं निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा कराया जा रहा है। यह बात पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को गणेशशंकर महाविद्यालय मुंगावली में आयोजित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में कही।

निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण हों सभी विकास कार्य

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि जिले के विकास के लिए स्वीकृत एवं प्रगतिरत सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करना अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। प्रत्येक विकास कार्य के लिए समय-सीमा निर्धारित करते हुए उसकी नियमित निगरानी की जाए। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा कार्यों को तय समय के अनुरूप पूरा कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि विकास कार्यों के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए और कार्यों में आने वाली बाधाओं का संबंधित अधिकारी समय रहते निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं का वास्तविक लाभ तभी प्राप्त होगा, जब स्वीकृत परियोजनाएं समय पर पूरी होकर आमजन के उपयोग में आएंगी। इसके लिए विभागीय अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखना आवश्यक है।



अमृत 2.0 शहरी पेयजल योजना की समीक्षा

बैठक में अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत शहरी पेयजल व्यवस्था से संबंधित कार्यों की नगरीय निकायवार विस्तार से समीक्षा की गई। केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने संबंधित अधिकारियों से कार्यों की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि पेयजल से संबंधित परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। शहरी क्षेत्रों में नागरिकों को बेहतर पेयजल सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्यों की नियमित निगरानी करने तथा निर्माण कार्यों में अनावश्यक विलंब नहीं होने देने के निर्देश दिए।

ट्रांसपोर्ट नगर के लिए आवश्यक कार्रवाई शीघ्र पूर्ण करें

जिला मुख्यालय पर प्रस्तावित ट्रांसपोर्ट नगर के संबंध में भी बैठक में विस्तार से चर्चा की गई। सिंधिया ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि ट्रांसपोर्ट नगर की स्थापना के लिए आवश्यक सभी प्रक्रियाएं एवं कार्रवाई समय पर पूरी की जाएं, ताकि परियोजना को आगे बढ़ाया जा सके।

विकास कार्यों की नियमित निगरानी पर जोर

बैठक में शहर सौंदर्यीकरण, कुरवाई-मुंगावली-चंदेरी रोड, अशोकनगर बायपास, मल्हारगढ़ सिंचाई योजना, मल्हारगढ़ सिंचाई योजना, मल्टीपरपज स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स, राजघाट वाटर सप्लाई योजना, चंदेरी माइक्रो सिंचाई परियोजना, चंदेरी हास्पिटल, अशोकनगर जिला अस्पताल भवन, गीता भवन, शाढ़ौरा से करीला माता मंदिर, जागेश्वरी लोक के कार्यों के संबंध में विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में विधायक मुंगावली बृजेन्द्र सिंह यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी, पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अपर कलेक्टर डी एन सिंह,जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने किया महिला मोर्चा के जिला कार्यालय का शुभारंभ

अशोकनगर। केंद्रीय मंत्री, क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को शनि मंदिर के पीछे बायपास रोड पर भाजपा महिला मोर्चा के जिला कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यह कार्यालय महिला सशक्तिकरण, संगठन की मजबूती और जनसेवा के नए संकल्पों का केंद्र बनेगा। महिला मोर्चा की हमारी बहनों का समर्पण, नेतृत्व, सेवाभाव संगठन की शक्ति है। सभी महिला कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक तिवारी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष लखन यादव, पूर्व विधायक जजपाल सिंह, मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया सहित महिला मोर्चा की पदाधिकारी बहनें, उपस्थित रहीं।



नगर पालिका परिषद्, गुना (म.प्र.)

दूरभाष : 252622 ईमेल - cmoguna@mpurban.gov.in
क्रमांक 2573 / 26 :: निविदा विज्ञप्ति सूचना :: गुना, दिनांक 15/10/2026

निविदा विज्ञप्ति सूचना द्वारा समस्त ठेकेदारों के लिए GeM PORTAL पर ONLINE निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं, जो निविदाकार इस कार्य को करने हेतु इच्छुक हो वह अपनी अपनी ऑनलाइन निविदा दरें प्रस्तुत करें। निविदा का विस्तृत विवरण https://gem.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेंडर नं.	कार्य का नाम	पी. ए. सी. ई.एम.डी.	निविदा में भाग लेने की अंतिम तिथि	कार्य की समयावधि
1	GEM/2025/B/8157357	नगरीय क्षेत्रान्तर्गत सफाई एवं अन्य कार्य हेतु कीटनाशक सामग्री क्रय करने हेतु	25 लाख 25 हजार	13.11.2026	2 माह

निविदा डालने की अंतिम तिथि 13.11.2026, 06.00 PM
निविदा खोलने की तिथि 14.11.2026, 06.00 PM
नोटः निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन केवल GeM Portal के माध्यम से किया जावेगा एवं पोर्टल पर ही देखा जा सकेगा।

श्रीमति सविता अरविन्द गुप्ता
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, गुना (म.प्र.)

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, गुना (म.प्र.)

खबर संक्षेप

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत दिव्यांश साहू निवासी अम्बेडकर भवन के पास अशोकनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी नमन चैधरी, रोहित ओझा ने उसका रास्ता रोककर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नहर कॉलोनी निवासी राकेश पंथ ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सतीश और देव शर्मा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

अशोकनगर। जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत माता मोहल्ला बहादुरपुर निवासी मुकेश पुत्र पन्नालाल सेन उम्र 38 साल ने बाबूलाल जैन के खेत पर खड़े आम के पेड़ पर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

जुए के अडडे पर छापामार कार्रवाई

अशोकनगर। सिटी कोतवाली के अंतर्गत पुलिस ने ग्राम बरखेड़ी में जुए के अडडे पर छापामार कार्यवाही की है। पुलिस ने ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए हरिओम कुर्मी, दीपक कुर्मी, अरबिंद कुर्मी और अर्जुन कुर्मी को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से पुलिस ने ताश की गडडी और 1470 रूपए बरामद किए हैं।

किला कोठी में सिंधिया करेंगे जनसंपर्क

चंदेरी। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया शुक्रवार रात चंदेरी पहुंचेंगे। उनके आगमन को लेकर स्थानीय स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, शनिवार सुबह किला कोठी होटल परिसर में जनसंपर्क कार्यक्रम एवं स्थानीय बैठक आयोजित की जाएगी। इस दौरान वे स्थानीय लोगों से मुलाकात कर क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा करेंगे। जनसंपर्क कार्यक्रम एवं स्थानीय बैठक के पश्चात केंद्रीय मंत्री सिंधिया 50 बिस्तरों वाले अस्पताल के निर्माण कार्य का निरीक्षण करेंगे। इस दौरान अस्पताल निर्माण की प्रगति एवं अन्य संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया जाएगा। इसके बाद केंद्रीय मंत्री चंदेरी तहसील के ग्राम महोली के लिए रवाना होंगे, जहां वे लोधी समाज के कार्यक्रम में शामिल होंगे। उनके इस दौरे को लेकर क्षेत्र में राजनीतिक एवं सामाजिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। उक्त कार्यक्रम की जानकारी चंदेरी मंडल अध्यक्ष राहुल शेषा ने दी। उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया शुक्रवार रात चंदेरी पहुंचेंगे तथा शनिवार को विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

दोषी को 2 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा

अशोकनगर। विशेष न्यायालय (पॉक्सो एक्ट) जिला अशोकनगर द्वारा निर्णय पारित करते हुये नाबालिग बालिका का पीछा कर उसे परेशान करने वाले आरोपी छोटू कुशवाह पुत्र रमेश कुशवाह उम्र 22 साल को 02 वर्ष के सश्रम कारावास एवं कुल 1500 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से अभियोजन संचालन सहायक निदेशक अभियोजन संजीव श्रीवास्तव के निर्देशन में विशेष लोक अभियोजक यशपालसिंह यादव द्वारा किया गया। मीडिया सेल प्रभारी जिला अभियोजन संचालनालयद्वारा बताया गया किअभियोजन मामला संक्षेप में इस प्रकार है कि फरियादिया उम्र 16 साल निवासी ने हमराह अपने पापा एवं मम्मी के साथ थाने आकर इस आशय की रिपोर्ट लेख कराई कि आरोपी छोटू कुशवाह पिछले एक माह से दुकान पर आते-जाते समय उसका पीछा करता था। जिसके के बारे में उसने मम्मी पापा को बताया। 15/05/2025 को दोपहर ढाई बजे के करीब उसके घर के बाहर आया और उसकी मम्मी से बोलने लगा कि उसने उसकी लड़की को कहां कर दिया है उसकी शादी उसके साथ में कर रहे हो या नहीं। छोटू कुशवाह वहां से चला गया था। फरियादी की उक्त शिकायत पर से पाक्सो एक्ट का मामला कायम कर विवेचना में लिया गया।

उल्लास और उमंग के साथ मनाया जा रहा नारी शक्ति का पर्व

मां की आराधना में डूबा शहर, गरबे की प्रस्तुति मोह रही लोगों का मन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



नवरात्रि का पर्व अशोकनगर शहर में उत्साह और उमंग के साथ भक्ति और आस्था का संदेश लेकर आता है। शहर इस समय माता की भक्ति में डूबा है। शहर के सारे मार्ग रोशनी से गुलजार हैं। जिधर देखो उधर महिलाएं नारी शक्ति के इस पर्व को गरबा महोत्सव के रूप में मना रही हैं। इस पर्व की धार्मिक छटा शहर में देखते ही बनती है। ऐसा लग रहा है जैसे अशोकनगर शहर माता की भक्ति का शहर हो गया हो।

राजवाड़ी रास गरबा सीजन-3 का भव्य शुभारंभ, तलवार गरबा की शानदार प्रस्तुति ने मोहा मन हर के अग्रवाल पैलेस में दो दिवसीय राजवाड़ी रास गरबा सीजन-3 का भव्य शुभारंभ हुआ। पारंपरिक संस्कृति, राजसी वेशभूषा और गरबा की रंग-बिरंगी छटा से सजे इस आयोजन में बालिकाओं, युवतियों और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए मां दुर्गा की आराधना की। गरबा की मनमोहक प्रस्तुतियों और विशेष रूप से तलवार गरबा की शानदार प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में डॉ. कृष्णपाल सिंह यादव, पूर्व सांसद एवं चेयरमैन,मध्यप्रदेश सिविल सप्लाइज कॉर्पोरेशन, अशोकनगर कलेक्टर साकेत मालवीय, पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा तथा शहर के वरिष्ठ चिकित्सक एवं शहर की लाइफलाइन कहे जाने वाले डॉ. डी.के. जैन का सान्निध्य रहा।

14 मुख्य पुरस्कारों के साथ चार सांत्वना पुरस्कार

राजवाड़ी रास गरबा सीजन-3 में प्रतिभागियों की वेशभूषा, नृत्य कला, भाव-भंगिमा, सौंदर्य, शालीनता और ऊर्जा को प्रोत्साहित करने के लिए तीन श्रेणियों में कुल 14 विशेष पुरस्कार निर्धारित किए गए। इसके साथ ही प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाने के लिए चार सांत्वना पुरस्कार भी रखे गए। किड्स कैटेगरी में छह पुरस्कार बालिकाओं और बालकों की प्रतिभा को सम्मानित करने के लिए रखे गए। इनमें लिटिल रॉयल स्टार, लिटिल गरबा रॉकस्टार, लिटिल क्वीन ऑफ राजवाड़ी, लिटिल डांसिंग डीवा, लिटिल प्रिंस ऑफ राजवाड़ी और लिटिल गरबा चैंपियन शामिल रहे। गर्ल्स कैटेगरी में पांच पुरस्कार राजवाड़ी क्वीन, गरबा क्वीन, एक्सप्रेशन क्वीन, स्टाइल आइकॉन ऑफ राजवाड़ी और गरबा फायरक्रैकर के माध्यम से युवतियों की नृत्य प्रतिभा, पारंपरिक लुक और ऊर्जावान प्रस्तुतियों को सम्मानित करने के लिए रखे गए। लेडीज कैटेगरी में तीन पुरस्कार रॉयल राजवाड़ी डीवा,गरबा महारानी और ग्रेस एंड ग्लोरी अवॉर्ड के अंतर्गत महिलाओं की पारंपरिक वेशभूषा, राजसी अंदाज, नृत्य कौशल और गरिमामयी प्रस्तुति को सम्मानित करने के लिए निर्धारित किए गए।

आयोजन समिति का महत्वपूर्ण योगदान

राजवाड़ी रास गरबा सीजन-3 को भव्य स्वरूप देने और सफल बनाने में आयोजक सीमा अग्रवाल, किरण अग्रवाल, डॉ. अनुराधा यादव, डॉ. निकिता चैरसिया, डॉ. मेघा भंवर, डॉ. शिवाली यादव, वैशाली सलूजा, नीलू सेठ, प्रिया खुराना, किरण कुशवाह, अलीना राय, दीपा रघुवंशी, प्रियंका अग्रवाल, मनीषा यादव, मनीषा ओझा, शालिनी खेरा, अनिता जैन, नैना शर्मा, अरुणा अरोड़ा, डॉ. रानी चैकसे, नूतन श्रीवास्तव, नेहा अग्रवाल, सोनम सोनी एवं माधुरी सोनी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

अशोकनगर की टीमें रहीं विजेता

ईसागढ़ में जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ ईसागढ़

शासकीय महाविद्यालय ईसागढ़ में जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों की महिला एवं पुरुष कबड्डी टीमों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना, अनुशासन, शारीरिक दक्षता, टीम भावना एवं आपसी समन्वय को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य अमित भार्गव द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए खेलों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम बताया तथा सभी प्रतिभागियों को खेल भावना, अनुशासन और आपसी सहयोग के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में अशोकनगर की महिला एवं पुरुष दोनों टीमें विजेता रहीं। विजेता टीमों को ईसागढ़ के तहसीलदार आकाश शर्मा द्वारा शील्ड एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मंच संचालन डॉ. जवाहरलाल द्वारा किया गया तथा महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी अतुल सिंह सेंगर ने प्रतियोगिता के आयोजन एवं व्यवस्थाओं में भूमिका निभाई। प्रतियोगिता को सफल बनाने में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के क्रीड़ा अधिकारियों एवं उनकी टीमों का विशेष योगदान रहा। शासकीय महाविद्यालय अशोकनगर के क्रीड़ा अधिकारी चंद्रशेखर जाटव, शासकीय महाविद्यालय शाढ़ौरा के क्रीड़ा अधिकारी केशव यादव तथा शासकीय महाविद्यालय मुंगावली के क्रीड़ा अधिकारी आनंदी यादव अपनी-अपनी टीमों के साथ उपस्थित रहे। सभी ने प्रतियोगिता के सुव्यवस्थित संचालन में सहयोग प्रदान किया। प्रतियोगिता के दौरान रेफरी की भूमिका सौरभ प्रजापति एवं सब्बीर कुरैशी ने निभाई। उन्होंने खेल के निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित करते हुए निष्पक्षता के साथ मुकाबलों का संचालन किया, जिससे प्रतियोगिता व्यवस्थित एवं खेल भावना के अनुरूप संपन्न हुई। इस अवसर पर प्राचार्य अमित भार्गव ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों, अतिथियों, क्रीड़ा अधिकारियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

जिले की प्राचीन माता मंदिर की बदलेगी तस्वीर

भव्य प्रवेश द्वार से होगा नई पहचान का आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



आस्था वही, विरासत वही, लेकिन अब स्वरूप होगा और भी भव्य, नवरात्रि के पावन पर्व के बीच अशोकनगर के प्राचीन माता मंदिर को संवारने की मुहिम शुरू हो गई है। वर्षों से श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र रहे इस मंदिर की तस्वीर बदलने की दिशा में पहला कदम उठाया गया है। मंदिर परिसर के बाहर भव्य स्वागत द्वार के निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया। आने वाले समय में पार्क निर्माण और आकर्षक लाइटिंग की व्यवस्था के जरिए मंदिर परिसर को नया रूप देने की योजना है।

भूमि पूजन हुआ संपन्न

शुक्रवार को मंदिर के महंत धर्मदास की उपस्थिति में अग्रणी समाजसेवी राजेश पाराशर ने वरिष्ठ पत्रकार मनोज जैन एवं देवेंद्र ताम्रकार से भूमि पूजन संपन्न कराया। खास बात यह है कि यह पहल राजेश पाराशर अपने पिता स्वर्गीय आशाराम पाराशर की स्मृति में करा रहे हैं। उनका उद्देश्य केवल निर्माण कराना नहीं, बल्कि अशोकनगर की धार्मिक विरासत को और अधिक भव्य पहचान दिलाना है।

प्रवेश द्वार से लेकर रोशनी तक, मंदिर को संवारने की तैयारी

मंदिर के बाहर बनने वाला भव्य स्वागत द्वार श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का नया केंद्र बन सकता है। इसके साथ ही परिसर में पार्क विकसित करने और लाइटिंग की व्यवस्था करने की योजना भी बनाई गई है। इन कार्यों के पूरा होने पर मंदिर की सुंदरता में वृद्धि होने के साथ श्रद्धालुओं को अधिक व्यवस्थित और आकर्षक वातावरण मिलने की उम्मीद है। वहीं समाजसेवी राजेश पराशर का कहना है माता मंदिर के अलावा शहर के पुराना बाजार स्थित विष्णु और शिव का जीर्णोद्धार किया गया है तथा शहर में जितने भी मंदिर हैं, जिन पर शिखर नहीं हैं, उन्हें भी सजाने संवारने का काम किया जा रहा है। अशोकनगर के प्राचीन धार्मिक स्थलों में विशेष स्थान रखने वाले इस मंदिर के विकास की पहल ने एक बार फिर शहर की धार्मिक विरासत और उसके संरक्षण की जरूरत को चर्चा में ला दिया है।

माता की जीवंत प्रतिमा और अनेक देवी-देवताओं के दर्शन

शहर की रेलवे लाइन के किनारे स्थित यह प्राचीन माता मंदिर अपनी विशिष्ट धार्मिक पहचान के लिए जाना जाता है। यहां विराजमान माता की अद्भुत जीवंत प्रतिमा श्रद्धालुओं को आकर्षित करती है। मंदिर परिसर में भगवान लक्ष्मीनारायण, श्रीराम दरबार, हनुमानजी, गणेशजी, भगवान शंकर और मां अन्नपूर्णा सहित अनेक देवी-देवताओं की प्रतिमाएं स्थापित हैं। स्थानीय जानकारी के अनुसार, शुरुआत में मंदिर में मां दुर्गा की प्रतिमा ही विराजमान थी। बाद में मंदिर का विस्तार हुआ और अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाएं भी स्थापित की गईं। इस तरह यह मंदिर समय के साथ श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बन गया।

सुग्रीव मित्रता और बाली वध का हुआ शानदार मंचन

शबरी को नवादा भक्ति की सीख देकर राम जी का हुआ हनुमान जी से मिलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

स्थानीय सुभाषगंज स्थित रामलीला मंच पर श्री गया प्रसाद कलाकार मंडल द्वारा आयोजित रामलीला का दशवे दिन की लीला रात्रि 9 बजे प्रारम्भ की गई। सर्वप्रथम रामायण जी की आरती, भगवान गणेश की आरती एवं भगवान राम लक्ष्मण जी की आरती की गई, आरती नवल गुप्ता शरद जैन अंकित बड़कुल एवं उनके साथियों के द्वारा की गई।

इसी के साथ लीला के प्रथम दृश्य में राम लक्ष्मण माता सीता की खोज करते हुए शबरी के पास पहुंचे। शबरी द्वारा राम जी को जूठे बेर खिलाए गए जो वो चुन चुन कर मीठे बेर राम जी को लाई थी राम जी द्वारा शबरी को नवदा भक्ति बतलाई गई। फिर शबरी द्वारा बताया गया कि आप पम्पापुर पर पहुंचे जहां सुग्रीव आपकी सहायता करेंगे। राम लक्ष्मण आगे बड़े और ऋषि मुख पर्वत पर पहुंचे जहां सुग्रीव ने राम जी को आते देख हनुमान जी को भेजा हनुमान जी और राम जी का मिलन हुआ। राम हनुमान मिलन का बहुत ही सुंदर मंचन देखने को मिला। हनुमान जी राम लक्ष्मण को कंधे पर बिठाकर के सुग्रीव के पास ले गए। जहाँ सुग्रीव के साथ राम जी की मित्रता हनुमान जी ने कराई। इसके पश्चात सुग्रीव द्वारा अपने भाई बाली के द्वारा किये गए छल की कहानी राम जी को बतलाई गई जिसे सुनकर राम जी ने सुग्रीव को बाली को मारने का वचन दिया।

फिर रामजी ने सुग्रीव को युद्ध के लिए भेजा सुग्रीव ने बाली के पास आकर के उसको ललकारा और सुग्रीव बाली का युद्ध हुआ और युद्ध में राम जी ने बाली का संघार किया। इसके पश्चात राम जी ने सुग्रीव को किष्किंधा का राजा घोषित किया व अंगद को युवराज घोषित किया। सुग्रीव ने अपनी सेना को चारों ओर सीता की खोज के लिए भेजा राम जी ने हनुमान जी को जाते समय अंगूठी दी और कहा कि दक्षिण दिशा की और आप जाइए राम जी के आदेश पाकर हनुमान जी अंगद जामवंत दक्षिण दिशा की ओर निकले इसी दृश्य के साथ ही लीला को विराम दिया गया। पूरी लीला के दौरान दर्शकों ने भावपूर्ण संवाद, अभिनय एवं धार्मिक प्रसंगों का आनंद लिया।

रामलीला में राम की भूमिका आर्यन शर्मा लक्ष्मण सुमित श्रीवास्तव शबरी निक्की सिंघई हनुमान सत्येंद्र रघुवंशी सुग्रीव शिव कुमार शर्मा बाली अभिषेक शर्मा जामवंत सतीश शर्मा तारा रुमाल सिंह चंदेल वानर भव्यांश शर्मा धैर्य शर्मा वेदांत शर्मा कनिष्का शर्मा कथा वाचन एवं सुंदर चैपाइयों का गायन कथावाचक चंद्रमोहन जी मिश्रा के मुखारविंद से किया गया। साथ ही सुंदर संगीत राकेश पाठक तबले पर लाला पटेल एवं संगीत निर्देशक कैलाश श्रीवास्तव व उपेंद्र पाराशर द्वारा सुंदर भजनों की प्रस्तुति की गई लीला में सुंदर दृश्य को बनाने का कार्य सीनरी डायरेक्टर श्रीनारायण बोहरे एवं शिवनारायण ओझा द्वारा किया जा रहा है।रामलीला समिति के उपाध्यक्ष प्रमोद जैन ने सभी अतिथियों का अभिवादन किया। सचिव रजनीश सिंघई के द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया।

जैन दर्शन ही अहिंसा का प्रणेता है: मुनिश्री



अशोकनगर। मुनि श्री निरंजन सागर जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभ्य संसार में जितने धर्म प्रचलित हैं प्रायः उन सबके अनुयायी हिंसा को पाप और अहिंसा को पुण्य बतलाते हैं। और इसलिये वह हिंसा को छोड़ने और अहिंसा के पालन करने का उपदेश देते हैं। इसलिये किसी भी धर्म में अहिंसा की अवज्ञा करने की शक्ति नहीं है। उन्होंने कहा कि अहिंसा के जीवन-चरित्र के विषय में पूना के प्रसिद्ध इतिहासज्ञ पण्डित बाल गंगाधर तिलक का कथन था कि जैन धर्म वैदिक यह दोनों ही धर्म यद्यपि विशेष प्राचीन हैं, परन्तु अहिंसा धर्म का मुख्य प्रणेता जैन धर्म ही है। जैन धर्म ने अपने प्राबल्य से वैदिक धर्म पर अहिंसा धर्म की एक अक्षुण्ण मुद्रा (मुहर) अंकित की है। वैदिक धर्म में अहिंसा ने जो स्थान पाया है, वह जैनियों के संसर्ग से ही पाया है। अहिंसा धर्म का सम्पूर्ण श्रेय जैनियों के हिस्से में है। लगभग 2600 वर्ष पहले वेद विषयक यज्ञों में हजारों पशुओं का वध होता था, परन्तु लगभग 2500 वर्ष पहले जैनियों के अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी ने जब जैन धर्म का पुनरुद्धार किया, तब उनके उपदेश से लोगों का चित्त इस घोर निर्दय कर्म से विरक्त होने लगा और शनैः शनैः लोगों के चित्त पर अहिंसा ने अपना अधिकार जमा लिया। इस समय के विचारशील वैदिक विद्वानों ने धर्म की रक्षा के लिये पशु हिंसा सर्वथा बन्द कर दी और अपने धर्म में अहिंसा को सादर स्थान दिया। इत्यादि लोकमान्य पण्डित बाल गंगाधर तिलक ने अहिंसा का मुख्य प्रणेता जैन धर्म को इतिहास में बतलाया है। हम अब भी दृढ़तापूर्वक कह सकते हैं कि वे हिंसा का लक्षण कहने अर्थात हिंसा यथार्थ में किसे कहते हैं। इसे जानने में अब भी समर्थ नहीं हुए हैं।

शबरी आश्रम में 50 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन और टिन शेड का होगा निर्माण

करीला धाम को 'करीला धाम लोक' के रूप में विकसित किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था के प्रमुख केंद्र करीला धाम को भव्य स्वरूप प्रदान करते हुए 'करीला धाम लोक' के रूप में विकसित किया जाएगा। इससे न केवल करीला धाम की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाई मिलेगी, बल्कि क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, चंदेरी, अशोकनगर और मुंगावली सहित आसपास के क्षेत्रों से करीला धाम तक श्रद्धालुओं का आवागमन सुगम बनाने के लिए सड़क संपर्क को बेहतर किया जा रहा है। जनजातीय सम्मेलन के दौरान आदिवासी समाज के लोगों ने केंद्रीय मंत्री सिंधिया का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया।

स्थानीय सांसद एवं केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया करीला धाम परिसर स्थित जनजातीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इसके पहले उन्होंने करीला धाम में मत्था टेक सभी के कल्याण की कामना की। इस मौके पर क्षेत्र में विकास कार्यों और जनकल्याणकारी पहलों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि करीला धाम जैसे आस्था के केंद्र हमारी सांस्कृतिक विरासत के महत्वपूर्ण प्रतीक हैं। इन्हें बेहतर सुविधाओं और सुगम आवागमन से जोड़ना क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। करीला धाम लाखों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ा है और यहां आयोजित होने वाले धार्मिक आयोजनों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। इसे 'करीला धाम लोक' के रूप में विकसित किए जाने से धार्मिक विरासत के संरक्षण, श्रद्धालुओं की सुविधाओं में विस्तार और स्थानीय स्तर पर पर्यटन गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है। करीला धाम तक पहुंच को सुगम बनाने के उद्देश्य से शाढ़ोरा से धाम तक लगभग 50 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण के लिए 100 करोड़ रुपये की स्वीकृति से निर्माण किया गया है।

शबरी आश्रम में 50 लाख रुपये के विकास कार्य: शबरी आश्रम में स्थानीय विधायक निधि से 25 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन तथा 25 लाख रुपये की लागत से टिन शेड का निर्माण कराया जाएगा। इन दोनों कार्यों पर कुल 50 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे।



आदिवासी समाज प्रकृति और संस्कृति का संरक्षक

जनजातीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि आदिवासी समाज हमारी प्रकृति, संस्कृति और परंपराओं का सच्चा संरक्षक है। इस समाज ने सदियों से अपनी विशिष्ट जीवनशैली, परंपराओं और प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण संबंधों के माध्यम से देश की सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध किया है। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज का सम्मान, उसका कल्याण और उसे विकास की मुख्यधारा में समान अवसर प्रदान करना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है।

पारंपरिक तरीके से हुआ स्वागत, हितग्राहियों को वितरित किया पोषण आहार

जनजातीय सम्मेलन के दौरान आदिवासी समाज के लोगों ने केंद्रीय मंत्री सिंधिया का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। इस अवसर पर जनजातीय समाज की संस्कृति, परंपराओं और आत्मीयता की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम के दौरान जनजातीय समाज के हितग्राहियों को पोषण आहार भी वितरित किया गया। इस पहल के माध्यम से पोषण के महत्व और जरूरतमंद परिवारों तक कल्याणकारी सुविधाएं पहुंचाने के संकल्प को रेखांकित किया गया। सम्मेलन में जनजातीय समाज के कल्याण, उनकी सांस्कृतिक पहचान के संरक्षण, बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र परिवारों तक पहुंचाने पर जोर दिया गया।

गोशालाओं के गोबर से होगा गैस उत्पादन, मिलेगा स्वच्छ व वैकल्पिक ऊर्जा का लाभ

जिले में 40 घनमीटर क्षमता के बायो गैस संयंत्र का संचालन आरंभ किया





हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

जिले में स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने, स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रशासन द्वारा एक बायोगैस संत्रत्र का सफल संचालन आरंभ हुआ है। कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा एवं जिला पंचायत सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले की पहल पर यह प्लांट शुरू किया गया है। उल्लेखनीय है कि मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल द्वारा गौशाला भ्रमण के दौरान बायोगैस संयंत्र का निरीक्षण किया गया था। इस दौरान संयंत्र की व्यवस्था एवं गोशाला में उपलब्ध संसाधनों के उपयोग का अवलोकन किया गया। वर्तमान में संयंत्र का सफल संचालन प्रारंभ होना गौशाला में उपलब्ध गोबर के सदुपयोग एवं स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

गोशाला के गोबर से बनेगी बायोगैस

मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत राजगढ़ द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध संसाधनों के समुचित उपयोग एवं स्वच्छता को प्रोत्साहित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में गौशाला में उपलब्ध गोबर का उपयोग बायोगैस उत्पादन के लिए किया जा रहा है। संयंत्र से उत्पादित गैस का उपयोग ग्रामवासियों द्वारा किया जाएगा, जिससे उन्हें स्वच्छ एवं वैकल्पिक ऊर्जा का लाभ प्राप्त हो सकेगा।

कृषि कार्यों में भी मिलेगा इसका लाभ

बायोगैस संयंत्र के संचालन से गौशाला में एकत्रित गोबर का बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित होने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण एवं ग्रामीण स्वच्छता को भी बढ़ावा मिलेगा। इसके अतिरिक्त, संयंत्र से प्राप्त अवशिष्ट पदार्थ का उचित उपयोग जैविक खाद के रूप में किया जा सकता है, जिससे कृषि कार्यों में भी लाभ मिलने की संभावना है।

सतत ऊर्जा के विकल्पों को मिलेगा प्रोत्साहन

ग्राम पंचायत उदनखेड़ी में बायोगैस संयंत्र का सफल संचालन ग्रामीण विकास एवं पर्यावरण अनुकूल गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत राजगढ़ के निर्देशानुसार इस प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय संसाधनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने तथा स्वच्छ एवं सतत ऊर्जा के विकल्पों को प्रोत्साहित करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

यूं समझिए इस प्लांट को

यह प्लांट चलाने के लिए प्रतिदिन 100 के लगभग(400 किलो) पशुओं के गोबर की जरूरत होती है। यह लगभग 50-60 घंटे तक चूल्हा/बर्नर जलाने या अन्य ऊर्जा जरूरतों को पूर्ण कर सकता है। इससे 2 हजार लीटर जैविक खाद (लिक्विड बायो-फर्टिलाइजर) मिलेगा।

चिड़लावनिया-अमलारोड़ के बीच हादसा

मृत्युभोज से लौट रहा था परिवार, वैन की टक्कर से 5 वर्षीय की मौत, पिता घायल







हरिभूमि न्यूज ⏭ खुजनेर

चिड़लावनिया और अमलारोड़ के बीच शुक्रवार को ओमनी वैन और बाइक की टक्कर में पांच वर्षीय मासूम की मौत हो गई। जबकि उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक पर सवार बच्चे की मां को भी मामूली चोटें आई हैं। घायलों को पचोर में प्राथमिक उपचार देने के बाद शुजालपुर के निजी अस्पताल रेफर किया गया। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। स्थिति को देखते हुए चार थानों का पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचा।

मृत्युभोज से लौट रहा था परिवार

जानकारी अनुसार, अमलारोड़ निवासी भगवानसिंह नागर शुक्रवार को अपनी पत्नी रीना नागर और पांच वर्षीय बेटे निर्भय उर्फ नमन के साथ देहरी बामन गांव में आयोजित मृत्युभोज में शामिल होने गए थे। कार्यक्रम के बाद तीनों बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान चिड़लावनिया और अमलारोड़ के बीच सारंगपुर से खुजनेर की ओर जा रही ओमनी वैन क्रमांक एमची 09 एएफ 8253 ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी भीषण थी कि पांच वर्षीय निर्भय उर्फ नमन की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक चला रहे भगवानसिंह गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि रीना नागर को मामूली चोटें आईं।

चार थानों का पुलिस बल पहुंचा

हादसे की सूचना मिलने पर पचोर थाना प्रभारी शकुंतला बामनिया पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचीं। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल ओमनी वैन को कब्जे में लिया। घटना की जानकारी के बाद आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर एकत्रित हो गए। स्थिति को देखते हुए खुजनेर, लीमाचैहान और सारंगपुर थानों से भी पुलिस बल बुलाया गया। चारों थानों की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली।

मासूम की मौत से परिवार में मातम

हादसे में पांच वर्षीय निर्भय उर्फ नमन की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

विधायक मोहन शर्मा ने किया महिला श्रद्धालुओं का सम्मान, बोलेः चुनरी यात्रा हमारी आस्था का प्रतीक

मां अन्नपूर्णा को चढ़ाई 201 मीटर लंबी चुनरी, सैकड़ों महिला श्रद्धालु हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर



नगर में शारदीय नवरात्र के छठे दिन शुक्रवार को मां अन्नपूर्णा के प्रति श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। रवि पाल मित्र मंडल के तत्वावधान में लगातार 14वें वर्ष 201 मीटर लंबी चुनरी यात्रा निकाली गई।

यात्रा में लाल वस्त्र धारण कर सैकड़ों महिला श्रद्धालु शामिल हुईं। ढोल-धमाकों और आतिशबाजी के बीच नगर के प्रमुख मार्गों से निकली चुनरी यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। चुनरी यात्रा का शुभारंभ नेशनल हाईवे स्थित शिवधाम कॉलोनी के शिवालय से क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा की उपस्थिति में हुआ। इस दौरान विधायक ने चुनरी यात्रा में शामिल महिला श्रद्धालुओं का सम्मान किया। उन्होंने भगवान शिव का पूजन-दर्शन कर मां जगदंबा की पूजा-अर्चना की और चुनरी यात्रा को रवाना किया।इस अवसर पर विधायक शर्मा ने कहा कि कुरावर में हर वर्ष निकलने वाली चुनरी यात्रा हमारी आस्था और श्रद्धा का प्रतीक बनती जा रही है। नवरात्र के नौ दिन साधना और उपासना के होते हैं। इन दिनों में मां की आराधना से नई ऊर्जा और सकारात्मकता प्राप्त होती है।

मुख्य मार्गों से निकाली चुनरी यात्रा

शुक्रवार शाम करीब 5 बजे शुरू हुई, करीब एक किलोमीटर लंबी यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई कुरावर गांव स्थित मां अन्नपूर्णा मंदिर पहुंची। यहां विधि-विधान से मां अन्नपूर्णा को चुनरी अर्पित की गई।मां अन्नपूर्णा मंदिर में चुनरी अर्पित करने के बाद भव्य मंगल आरती का आयोजन किया गया। इसके बाद महाआरती और महाप्रसादी का कार्यक्रम हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में पुरुष, युवा और महिला श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे आयोजन के दौरान नगर में भक्तिमय माहौल बना रहा और श्रद्धालुओं ने मां अन्नपूर्णा के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की।

अज्ञात वाहन की टक्कर से पोते की मौत, दादा गंभीर

सारंगपुर। दादी की अस्थियों का विसर्जन करने उज्जैन जा रहे बाइक सवार दादा और पोते को शुक्रवार को नेशनल हाईवे पर एहसानपुरा के समीप अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में 22 वर्षीय पोते की मौत हो गई, जबकि उसके 62 वर्षीय दादा गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। जानकारी के अनुसार, सदाशिवगंज निवासी विकास पिता माखन सिंह (22) अपने दादा आत्माराम पिता करण सिंह (62) के साथ बाइक से उज्जैन जा रहे थे। दोनों दादी की अस्थियों का विसर्जन करने के लिए निकले थे। इसी दौरान



एहसानपुरा के समीप एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। घटना की सूचना मिलने पर डायल 112 की मदद से दोनों को सारंगपुर सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। यहां डॉ. गर्गी मालवीय ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया। जांच के बाद डॉक्टर ने विकास को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल आत्माराम की हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर उपचार के लिए शाजापुर रेफर कर दिया गया। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में शोक छा गया। जिस दादी की अस्थियों का विसर्जन करने के लिए दादा-पोता उज्जैन जा रहे थे, उसी यात्रा के दौरान परिवार को यह दुखद घटना झेलनी पड़ी। अस्पताल में आवश्यक कार्रवाई के बाद मृतक विकास का पोस्टमार्टम किया जाएगा और शव परिजनों को सौंपा जाएगा।

भैंसवा माता को अर्पित की चुनरी

मां बिजासन धाम में अर्पित की विशाल चुनरी, जयकारे गूंजे



सारंगपुर। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर शुक्रवार को सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में मां अंबिका दरबार से मां बिजासन धाम मैंसवा माता तक भव्य संगीतमय चुनर यात्रा निकाली गई। धार्मिक आस्था, सनातन संस्कृति और सामाजिक समरसता का संदेश देने वाली इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। माता रानी के जयकारों और भक्ति गीतों से वातावरण भक्तिमय हो गया। यात्रा की शुरुआत सुबह 8 बजे श्री शीतला माता मंदिर, बागकुआ टंकी से हुई। श्रद्धालुं प्रमुख मार्गों से होते हुए श्री अंबे माता मंदिर पहुंचे। यहां मां अंबे की पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद यात्रा मैंसवा स्थित मां बिजासन धाम के लिए रवाना हुई। श्रद्धालुओं ने मां बिजासन के श्रीचरणों में विशाल चुनरी अर्पित कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली और जनकल्याण की कामना की।

भजन-कीर्तन और जयकारों से भक्तिमय हुआ माहौल

चुनर यात्रा में भजन-कीर्तन, डीजे, ढोल, बैंड, आर्केस्ट्रा और आकर्षक झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहीं। मातृशक्ति, युवाओं, बच्चों और वरिष्ठजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए यात्रा मार्ग में आने-जाने की व्यवस्था के साथ प्रत्येक दो किलोमीटर पर फलाहारी अल्पाहार की व्यवस्था की। प्रदेश के कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. गौतम टेटवाल ने श्रद्धालुओं से यात्रा में सहभागी बनकर सनातन संस्कृति और सामाजिक समरसता के संदेश को मजबूत करने का आह्वान किया था। यात्रा संयोजक संजय विजयवर्गीय ने सह-प्रभारियों औरसामाजिक-धार्मिक संस्थाओं की टीम के साथ व्यवस्थाएं संभालीं। नपा उपाध्यक्ष भावना नीलेश वर्मा, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद आदि मौजूद रहे।

नवरात्रि पर गरबा नृत्य, गली मोहल्ले में दर्शनार्थियों का तांता



जीरापुर। नगर सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्र में भी नवरात्रि महोत्सव को लेकर दर्शनार्थियों का गली मोहल्लों में तांता लगा रहता है।नगर में गरबा डांडिया नृत्य सहित मां दुर्गा की घट स्थापना लगभग 40 से अधिक स्थानों पर की गई है। तथा झांकियां अलग से प्रदर्शित की जा रही।

नगर में बुधवारिया बाजार में मां अंबिका गरबा समिति से नवरात्र पर्व का उत्सव गरबा डांडिया नृत्य के रूप में शुरू हुआ जो नगर सहित आसपास के क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बनाए हुए श्रद्धालु भक्तों के लिए दर्शनार्थ एक त्योहार से ज्यादा उत्सवर्धक वातावरण को श्रद्धा भाव से प्रेरित कर रहा है।वही नगर के जनप्रतिनिधि सामाजिक सेवाभावी कार्यकर्ता विभिन्न संस्थाओं के सदस्यों द्वारा इन झांकियां एवं गरबा पांडाल में सामूहिक आरती उतार कर अपने आप को धन्य महसूस कर रहे हैं। नगर के गांधी बस्ती स्थित मां मनसा देवी गरबा समिति में विधायक हजारीलाल दांगी, समाज सेवी दिनेश जमींदार, राधेश्याम पुरविया, डा बीएल गुर्जर, राजेश राठौर, योगेश भावसार, जगदीश वर्मा सहित जनप्रतिनिधियों और पत्रकारों ने मां दुर्गा की महाआरती की। जीरापुर में बस स्टैंड, आवास कॉलोनी, अटल चैक, बुधवारिया बाजार, किशनगढ़ मोहल्ला, माचलपुर नाका हर जगह गरबे की गूंज है! गरबा देखने नगर ही नहीं, आसपास के गांवों से हजारों की भीड़ उमड़ रही है।

मुख्यालय के राजमहल परिसर में हो रहा है आयोजन

तीन दिवसीय समर्पण गरबा महोत्सव का भव्य आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़



प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शारदेय नवरात्र में नजरबाग हनुमान सेवा समिति के तत्वाधान में नगर के राजमहल परिसर में 3 दिवसीय समर्पण गरबा महोत्सव गुरुवार रात्रि से आरंभ हुआ। इस गरबे के लिए समिति द्वारा बीते कई दिनों से महिलाओं, युवतियों, कन्याओं व अन्य श्रृद्धालुओं को अभ्यास करवाया जा रहा था। आयोजन समिति ने इसके लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की हैं। इस आयोजन को विशेष पहले यह है कि महिला सुरक्षा का पूरा ख्याल रखकर महोत्सव की रूपरेखा तैयार की गई। सिंगल युवाओं का पांडाल में प्रवेश पूरी तरह वर्जित है। इसके साथ ही वेस्टर्न या असभ्य ड्रेस पहनकर आने की भी मनाही है। साथ ही स्वच्छता के लिहाज से काई भी व्यक्ति खाने-पीने का कोई सामान पंडाल में नहीं ले जा सकता।

आज रात्रि तक चलेगा आयोजन

15 अक्टूबर से आरंभ हुआ यह महोत्सव 17 अक्टूबर तक चलेगा। समिति अध्यक्ष आशीष नागर व आयोजन प्रभारी पंकज विजयवर्गीय ने बताया कि सुरक्षा के लिहाज से पुलिस की भी माकूल व्यवस्थाएं करवाई गई हैं। उल्लेखनीय है कि नगर में लगातार तीसरे वर्ष इस गरबे का आयोजन करवाया जा रहा है।

इधर, भंडारे में दाल-बाफले का मिला लुत्फ

इसी कड़ी में स्थानीय जय स्तंभ चैराहे स्थित एकता ग्रुप झांकी समिति द्वारा पूरे नौ दिनों तक भंडारा प्रसादी रखी जा रही है। इस भंडारे में रोजाना सैकड़ों श्रद्धालु पहुंचकर प्रसादी ग्रहण कर रहे हैं। शुक्रवार रात्रि प्रसादी के रूप में दाल-बाफले श्रद्धालुओं को वितरित करवाए गए।

